# नव भारत



5 बिहार में बनेंगे छह छोटे हवाई अड्डे



6 6 सप्ताह में 5 हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त



7 स्थानीय मांग से तेल चढ़े, मूंग दाल हुई सस्ती



10 मंधाना एक दिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में फिर से शीर्ष पर

# 2 लाख नए पदों की भर्ती होगी

## कैबिनेट ने मप्र लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 को दी मंजूरी, पदोन्नति में आरक्षण भी मिलेगा

- खाली पदों को एससी, एसटी और अनारक्षित हिस्सों में बांटा जाएगा
- 9 वर्ष बाद शासकीय सेवकों को मिलेगी पदोन्नति

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 17 जून. प्रदेश में 9 वर्ष के लंबे इंतजार के बाद शासकीय सेवकों की पदोन्नति की राह खुल गई है. पदोन्नति में आरक्षण का प्रावधान भी लागू होगा. खाली पदों को तीन हिस्सों में बांटा जाएगा, एससी, एसटी और अनारक्षित वर्ग के तय कोटे के अनुपात में पदोन्नति मिलेगी, वहीं एससी, एसटी को मेरिट के आधार पर भी पदोन्नत करने का प्रावधान किया गया है. पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू होने के बाद प्रदेश में लगभग 2 लाख नए पद निर्मित होंगे, इन पदों पर भर्ती के लिए सरकार अलग से भर्ती प्रक्रिया शुरू करेगी.**

कैबिनेट ने मंगलवार को मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम, 2025 को मंजूरी दे दी है. वर्ष 2016 में प्रदेश में पदोन्नति पर रोक लगने के बाद एक लाख से अधिक शासकीय सेवक बगैर पदोन्नति के रिटायर हो गये, लेकिन ताजा निर्णय से प्रदेश के 4 लाख से अधिक नियमित शासकीय सेवकों को पदोन्नति का लाभ मिल सकेगा. ये पदोन्नति शासकीय सेवकों की मौजूदा स्टेटस के हिसाब से ही मिलेगी. यानी उन्हें वर्ष 2016 की अवधि की सीनियरिटी का फायदा नहीं मिलेगा. यदि कोई नायब तहसीलदार वर्ष 2016 की स्थिति में तहसीलदार के पद पर पदोन्नत होता तो वह 2025 की स्थिति में डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदोन्नत होगा, लेकिन वह अब नायब तहसीलदार से केवल तहसीलदार के पद पर ही पदोन्नत हो सकेगा.

पदोन्नति के लिये राज्य सरकार ने जो नया नियम बनाया है उस हिसाब से पदोन्नति के लिए खाली पड़े पदों में से 20 फीसदी पद अजजा और 16 फीसदी अजा के लिए आरक्षित किया जाएगा, वहीं बाकी पदों को अनारक्षित वर्ग के शासकीय सेवकों से भरा जाएगा. पहले एससी, एसटी वर्ग को पदोन्नत किया जाएगा, उसके बाद बाकी अनारक्षित वर्ग को पदोन्नत किया जाएगा.

अग्रिम डीपीसी के प्रावधान किये गये है. वरिष्ठ लोक सेवकों में से मेरिट के अनुसार न्यूनतम अंक लाने वाले लोक सेवक पदोन्नति के लिए पात्र होंगे, प्रथम श्रेणी के लोक सेवकों के लिए मेरिट कम सीनियरिटी का प्रावधान किया गया है. नवीन पदोन्नति नियमो में परिभ्रमण की व्यवस्था समाप्त की



गई है. इससे पदोन्नति के लिए अधिक पद हो सकेंगे. पदोन्नति समिति को शासकीय सेवक की उपयुक्तता निर्धारण करने का अधिकार दिया गया है.

चतुर्थ श्रेणी के लिये अंक व्यवस्था नहीं होगी, केवल पदोन्नति के लिए उपयुक्त होने पर ही पदोन्नति प्राप्त हो सकेगी. अर्हकारी सेवा के लिए किसी वर्ष में की गई आंशिक सेवा को भी पूर्ण वर्ष की सेवा माना जायेगा, यदि वर्ष के एक भाग की सेवा भी की गई है तो उसे पूर्ण वर्ष की सेवा माना जाएगा. यदि किसी वर्ष में 6 माह का ही गोपनीय प्रतिवेदन उपलब्ध है तो उसे पूर्ण वर्ष के लिये मान्य किया जा सकेगा. यदि गोपनीय प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं होने के कारण किसी की पदोन्नति रुकती है तो उसे पदोन्नति प्राप्त होने पर पूरी वरिष्ठता दी जायेगी. अप्रत्याशित रिक्तियों को चयन सूची/प्रतीक्षा सूची से भरे जाने का स्पष्ट प्रावधान किया गया है. विभागीय पदोन्नति समिति के बैठक से पूर्व केवल कारण बताओ सूचना पत्र के आधार पर बंद लिफाफा की कार्यवाही नहीं की जायेगी, जिससे अधिक लोक सेवकों को पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे.

### इन महत्वपूर्ण प्रस्तावों को भी मिली मंजूरी

- मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 5 हजार 163 करोड़ रुपये का अनुमोदन
- पांढुर्णा, मैहर और मउगंज में जिला कोषालय की स्थापना होगी.
- प्रथम श्रेणी लोक सेवक को मेरिट कम सीनियरिटी के हिसाब से मिलेगी पदोन्नति

### 459 नवीन आंगनवाड़ी केन्द्रों की स्थापना होगी

कैबिनेट ने सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 योजना के तहत विशेष जनजाति क्षेत्रों में पीएम-जनमन कार्यक्रम के लिए 459 नवीन आंगनवाड़ी केन्द्रों की स्थापना, संचालन तथा भवन निर्माण की मंजूरी दी है. साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका के 459-459 पद, पर्यवेक्षक के 26 पद सृजित होंगे. योजना पर 143 करोड़ 46 लाख रूपये खर्च होंगे.

### वर्ष 2016 में क्यों रूकी थी पदोन्नति

वर्ष 2002 में पदोन्नति नियम बनाते हुए पदोन्नति में आरक्षण का प्रावधान कर दिया था. इस कारण आरक्षित वर्ग के शासकीय सेवक तो लगातार पदोन्नत होते रहे लेकिन अनारक्षित वर्ग के शासकीय सेवक लगातार पिछड़ते रहे. इस मामले को लेकर कर्मचारी कोर्ट की शरण में पहुंचें. हाईकोर्ट ने 30 अप्रैल 2016 को पदोन्नति में आरक्षण का नियम-2002 को निरस्त कर दिया. सरकार ने हाईकोर्ट के इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, सुप्रीम कोर्ट ने यथास्थिति बनाये रखने के निर्देश दिये, तब से ये मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है और प्रदेश में वर्ष 2016 से ही शासकीय सेवकों के पदोन्नति पर रोक लग गई थी. अब भी राज्य सरकार के नये नियमों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दिये जाने की संभावना जताई जा रही है. यदि ऐसा हुआ तो फिर मामला अटक भी सकता है.



# जी-7 सम्मेलन में हिस्सा लेने कनाडा पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली, 17 जून. पीएम नरेंद्र मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए सोमवार को कनाडा के कैलगरी पहुंचे. पीएम नरेंद्र मोदी के आगमन पर कार्यवाहक भारतीय उच्चायुक्त चिन्मय नाइक, कनाडाई अधिकारी समेत स्वदेशी लोगों के समूह 'फर्स्ट नेशन्स' के नेताओं ने उनका स्वागत किया.**

पीएम मोदी कनानास्किस जाएंगे, जहां सोमवार को कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच शिखर सम्मेलन की शुरुआत हुई थी. मंगलवार के सत्र में पीएम मोदी समेत अन्य आमंत्रित लोग शामिल होंगे. प्रधानमंत्री मोदी साइप्रस में रुकने के बाद यहां पहुंचे हैं, उन्होंने राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के साथ 'भारत-साइप्रस संबंधों को लेकर व्यापक बातचीत' की. जी7 शिखर सम्मेलन विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान करने और ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा करने के लिए एक शानदार मंच प्रदान करेगा

> पीएम मोदी ने 'एक्स' पोस्ट पर बताया था कि जी7 शिखर सम्मेलन विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान करने और ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा करने के लिए एक शानदार मंच प्रदान करेगा. पीएम मोदी जी7 नेताओं, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, इटली की जियोर्जिया मेलोनी, जापान के शिगेरू इशिबा, जर्मनी के चांसलर फेडरिक मर्ज और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा के साथ मेजबान मार्क कार्नी के साथ बातचीत करेंगे.

## एक नजर में



### अमरनाथ यात्रा मार्ग नो फ्लाइंग जोन घोषित

**नई दिल्ली.** आगामी अमरनाथ यात्रा के लिए पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जम्मू और कश्मीर सरकार ने पूरे तीर्थयात्रा मार्ग को नो फ्लाइंग जोन घोषित कर दिया है. केंद्र शासित प्रदेश के गृह विभाग ने अमरनाथ यात्रा के सभी मार्गों को नो फ्लाइंग जोन घोषित कर दिया है जिसमें पहलगाम और बालटाल दोनों मार्ग शामिल हैं. यह प्रतिबंध सभी प्रकार के हवाई उपकरणों पर लागू होता है जिसमें यूएवी, ड्रोन और गुब्बारे शामिल हैं. सुरक्षा निर्देश 01 जुलाई से 10 अगस्त तक लागू रहेंगे.

### देशभर में मानसून का असर किसानों के चेहरे खिले

**नई दिल्ली.** देश के कई हिस्सों में मानसून की सक्रियता ने मौसम को बदल दिया है. दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और हरियाणा में बारिश और बादलों ने गर्मी से राहत दी. मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक बारिश का सिलसिला जारी रहने का अनुमान जताया और कई राज्यों में अलर्ट जारी किए हैं। राजधानी दिल्ली में मंगलवार सुबह लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली. सुबह 8.45 बजे चिराग दिल्ली इलाके में आसमान में काले बादल छाए रहे और धूप नहीं निकली. पिछले कई दिनों से दिल्लीवासी भीषण गर्मी और उमस से परेशान थे.

### ईरान के चीफ ऑफ स्टाफ ढेर

**तेल अवीव/तेहरान.** ईरान और इजरायल के बीच लगातार गहराते संघर्ष के बीच इजरायली रक्षा बलों ने मंगलवार को दावा किया कि उसने ईरान के युद्धकालीन चीफ ऑफ स्टाफ अली शादमानी को मार गिराया है. शादमानी ईरानी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के बेहद करीबी और देश के शीर्ष सैन्य अधिकारियों में शामिल थे. आईडीएफ ने एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि उसकी इंटेलिजेंस यूनिट की सटीक सूचना और अचानक मिले मौके का लाभ उठाते हुए वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने तेहरान के मध्य स्थित एक सैन्य मुख्यालय पर एयर स्ट्राइक की.

### जी-7 ने इजरायल का समर्थन किया

**नई दिल्ली.** इजरायल-ईरान में पिछले पांच दिनों से संघर्ष जारी है. इस तनाव के बीच आज मंगलवार को ग्रुप ऑफ सेवन (जी-7) देशों के नेताओं ने मिडिल-ईस्ट में शांति और स्थिरता के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की है. इसके साथ ही इजरायल के आत्मरक्षा के अधिकार को सपोर्ट किया है. शिखर सम्मेलन से जारी एक संयुक्त बयान में, जी-7 नेताओं ने ईरान को क्षेत्रीय अस्थिरता और आतंक का 'मुख्य स्रोत' बताया है. उन्होंने ईरान को कभी भी न्यूक्लियर वेपन बनाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए.

## गुस्ताखी माफ






### ग्वालियर पहुंची शहीद ज्योति, बलिदान मेले में आज कवि सम्मेलन

ग्वालियर। वीरांगना बलिदान मेले का आज शुभारंभ हुआ और महारानी लक्ष्मीबाई की समाधि पर झांसी दुर्ग से आई शहीद ज्योति को स्थापित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता जयभान सिंह पवैया, विवेक नारायण शेजवलकर एवं नगर निगम सभापति मनोज तोमर, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया मौजूद रहे।

# राष्ट्रपति मुर्मु आज इंदौर में

**इंदौर, 17 जून. राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन-2047 के अंतर्गत विश्व सिकल सेल दिवस 19 जून को बड़वानी में ग्राम पंचायत तलून के खेल स्टेडियम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम होगा.**

उक्त कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति 18 जून को इंदौर आएंगी. यहां रात्रि विश्राम कर 19 जून को कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना होंगी. आज प्रशासन ने राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर रिहर्सल की .राष्ट्रपति इंदौर में



रेजिडेंसी में रुकेगी.

कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि रहेंगी. राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल सहित अन्य मंत्रीगण कार्यक्रम में शामिल होंगे.

### इंडिगो विमान की नागपुर में इमर्जेंसी लैंडिंग

**नयी दिल्ली, 17 जून.** इंडिगो एयरलाइन्स की कोच्चि से दिल?ली आ रहे विमान को सुरक्षा संबंधी कारणों से नागपुर के डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारना पड़ा। एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने कहा कि उड़ान संख्या 6ई1272 मस्कट से कोच्चि आया था और बाद में यही विमान मंगलवार को कोच्चि से दिल्ली की उड़ान पर था। प्रवक्ता ने कहा कि सुरक्षा संबंधी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए.

# क्या सोनम खुद भी हो रही थी ब्लैकमेल..?

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर, 17 जून. राजा रघुवंशी हत्याकांड हर बीतते दिन के साथ और उलझता जा रहा है. पहले यह केस क्राईम ऑफ पैशन माना जा रहा था, मगर शिलांग पुलिस अब इसे ब्लैकमेलिंग थ्योरी के नजरिए से भी देख रही है. जिसके चलते अब पुलिस की जांच सिर्फ लव एंगल तक सीमित नहीं रह गई है.**

मेघालय की डीजीपी इदाशिशा नोंग्रांग ने खुद इस बात के संकेत दिए हैं कि सोनम खुद भी किसी बड़े दबाव या ब्लैकमेलिंग का शिकार हो सकती थी. जांच में आर्थिक लाभ, तंत्र-मंत्र और संभावित मास्टरमाइंड जैसे कई नए कोण जुड़े हैं. राजा रघुवंशी की



**डीजीपी बोलीं , हमारे पास ठोस सबूत**

**केस अब क्राईम ऑफ पैशन नहीं, अब बना ब्लैकमेलिंग थ्योरी**

हत्या की गुत्थी हर रोज़ नए सवाल खड़े कर रही है. ब्लैकमेलिंग, तंत्र-मंत्र, और आर्थिक लालच जैसे कोणों ने इस केस को अब एक मिस्ट्री थ्रिलर बना दिया है. आने वाले दिनों में पुलिस की रिपोर्ट और गिरफ्तारियों से कई परतें और खुल सकती हैं. मेघालय डीजीपी इदाशिशा नोंग्रांग ने मीडिया से बातचीत में कहा हमें यह असामान्य केस लगता है. लव एंगल की जांच के साथ-साथ सभी संभावित कारणों की गहराई से पड़ताल की जा रही है. हमारे पास मजबूत सबूत हैं. लेकिन कुछ अहम कड़ियाँ अभी बाकी हैं. इस बयान से साफ है कि पुलिस अब यह भी देख रही है कि कहीं सोनम किसी बड़ी साजिश का मोहरा तो नहीं थी. पुलिस को संदेह है कि सोनम को किसी तीसरे पक्ष द्वारा ब्लैकमेल किया जा रहा था, और शायद वह उस दबाव में आकर इस हत्याकांड की साजिश में शामिल हुई.


